## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत जेजे कॉलेज के पास बुधवार को कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार एक कार पर सवार होकर तीन लोग पटना से धनबाद की तरफ जा रहे थे। वहीं ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था। इसी दौरान जेजे कॉलेज के समीप कार और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में कार चालक बिच्छू शर्मा उर्फ गणेश मिश्रा, कार पर सवार महिला विजयलक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि कार पर सवार अजय कुमार (50) की इस दुर्घटना में मौत हो गयी। घटना के बाद जेजे कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने घायलों को ऑटो के जरिये इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच में अजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज करके विजय लक्ष्मी को रिम्स रेफर कर दिया गया। चालक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा लाइव प्रसारण महिला वंदन कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष रामदेव भाई मोदी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी द्वारा सभी महिलाओं के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया। उन्होंने संबोधन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला वंदना योजना के तहत समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए किसी भी वरदान से कम नहीं है। यह योजना सरकार द्वारा शुरू की गयी माता वंदना योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं है बल्कि उन्हें इन्हीं पैसों की मदद से आत्मनिर्भर और कुशल बनाना भी है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, जिला मंत्री सुधीर सिंह, सेनिशिक्षक सुरेंद्र मोदी, महेश पांडेय, सदानंद सिंह, विनोद गुप्ता सहित सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे।

## विष्णुगढ़ में मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवम अंचल अधिकारी विकास कुमार टुडू ने बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। पूर्व से ही क्रमबद्ध तरीके से मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को राजकीय उच्च विद्यालय भुताही मुरगांव, राजकीय मध्य विद्यालय गोविंदपुर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डुमरडीहा, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय भलुआ, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलखरी खुर्द एवम पुराना पंचायत भवन चरनखिया का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एएमएफ को सुधार करने को कहा गया। इसके साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया और वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करवाया गया और इससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी।

## कोडरमा रेंजर रामबाबू की संपत्ति की जांच की मांग

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अजय कृष्ण अध्यक्ष, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा राज्य ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि कोडरमा वन प्रमंडल पदाधिकारी और कोडरमा वन आश्रयणी क्षेत्र के रेंजर राम बाबू कुमार के द्वारा वन क्षेत्र और अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर पूरे कोडरमा जिला को वन भूमि मानकर ढीबरा, स्क्रैप गाड़ी को पकड़ते हैं और आम जनता को वन अधिनियम की धाराओं को लगाते हुए मुकदमा करते हैं। जबकि कोडरमा जिला में वन भूमि का सीमांकन और क्षेत्र पूर्व से निर्धारित है। अपने-अपने पदों का दुरूपयोग करते हुए वन अधिनियम का धौंस दिखाकर ढीबरा, स्क्रैप गाड़ी को सड़क-रोड़ पर जब्त करते हैं जो बिल्कुल नियम विरुद्ध है। अजीत कृष्णा ने भ्रष्ट कोडरमा वन प्रमंडल के पदाधिकारियों और वन आश्रयणी क्षेत्र के रेंजर राम बाबू कुमार के क्रियाकलापों और आय से अधिक संपति की जांच कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में जल्द उच्च न्यायालय की शरण ली जायेगी।

## शिवरात्रि महापर्व आठ को, तैयारी पूर्ण

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जायगा। महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड के लालनगर शिवालय, कोटवार मुहल्ला, ब्राह्मण टोला शिवालय, प्रखण्ड मुख्यालय शिवालय, थाना परिसर स्थित शिवालय, जामु स्थित शिवालय, कर्मा धाम स्थित शिवालय, मां चन्चालनी धाम स्थित शिवालय, नावाडीह स्थित शिवालय, दरदाही स्थित शिवालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों को काफी आकर्षक तरीके से रंग रोगन कर सजाया गया है। प्रखण्ड के लालनगर स्थित शिव मंदिर से संध्या 6 बजे शिव बारात निकलेगी। इसके अलावा प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण इलाको के मंदिरों से शिव बारात निकाली जायगी। महाशिवरात्रि को लेकर पूरे प्रखण्ड मुख्यालय व ग्रामीण क्षेत्रों का माहौल भक्तिमय हो गया है।

## शहरवासियों ने फ्लावर राउंड अबाउट निर्माण की रखी मांग



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर वासियों के द्वारा पिछले कई हफ्तों से महाराणा प्रताप चौक और सुभाष चौक पर फ्लाईओवर, राउंड अबाउट निर्माण संबंधी मांग की जा रही है। ज्ञात हो की संबंधित विषयों को लेकर स्थानीय निवासी अमरेश कुमार, प्रमोद कुमार और अजय अग्रवाल के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर पत्राचार के माध्यम से परियोजना प्रबंधक, एनएचआइए, स्थानीय सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी और उपायुक्त मेघा भारद्वाज को आवेदन के माध्यम से संबंधित निर्माण की मांग लगातार की गयी है। 2 मार्च को उपायुक्त कोडरमा के द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया। जिसके तहत एन एच निर्माण के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु स्थल का सर्वे करते हुए सर्वे में पायी गयी कमियों का त्वरित गति से निष्पादन किया जाना है। संबंधित विषयों को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ पैदल चलकर एन एच का सर्वे कर रहे थे। झुमरीतिलैया स्थित महाराणा प्रताप चौक के पास सैकड़ो की संख्या में इकट्ठे हुए शहर वासियों ने जांच दल के सम्मुख अपनी समस्या रखी और उन्हें वर्तमान में हो रहे आवागमन से संबंधित परेशानियां से अवगत कराया। लोग धीमी गति से हो रहे सड़क निर्माण के कारण काफी नाराज दिखे। अमरेश कुमार ने पूर्व में किये गये पत्राचार की एक कॉपी जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया। जांच दल के सम्मुख उपस्थित शहरवासी प्रमोद कुमार, दीपक सिंह, अजय अग्रवाल, विनय प्रसाद यादव, अरविंद सिंह, अनिल पंडित आदि सैकड़ो शहर वासी मौजूद रहे।

### उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# सर्वजन पेंशन योजना के नये लाभुकों को मिली राशि

**मैट्रिक और इंटरमीडिएट में जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सर्वजन पेंशन योजना (50 से 60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किशत भुगतान और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान सह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 6 मार्च को नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में उपायुक्त ने बड़ी संख्या में आये महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार ने पेंशन योजना में महिलाओं के लिए विशेष रूप से संशोधन करते हुए पेंशन योजना के लाभ के लिए सभी वर्ग की महिलाओं के लिए तथा अनुसूचित जाति और जनजाति के पुरुषों के लिए आयु सीमा 50 वर्ष कर इन वर्गों के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठायी है। अब इस वर्ग के महिला और पुरुष 50 वर्ष की आयु में पेंशन के हकदार होगें। आज के कार्यक्रम में पेंशन योजना के नये लाभुकों को प्रथम किस्त की राशी हस्तांतरित की गयी। उपायुक्त ने उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री विधवा पुर्नविवाह योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत मैट्रिक, इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृत्तीय स्थान प्राप्त करनेवाली बालिकाओं को सम्मानित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में उपायुक्त के अलावा सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता,जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी व अन्य मौजूद थे।

### पुस्तक का किया गया विमोचन

संपन्न हुए कार्यक्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग हजारीबाग के द्वारा हजारीबाग एक नजर नामक जिला स्तरीय पत्रिका का विमोचन किया गया।

### स्टॉल का उपायुक्त ने किया अवलोकन

नगर भवन में संपन्न हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में समाज कल्याण द्वारा लगाये गये विभिन्न खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी का उपायुक्त ने अवलोकन किया।

# केरेडारी-कर्णपुरा-पिपरवार में मनीष जायसवाल ने चलाया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग/केरेडारी।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है। उन्होंने इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा कर चौपारण, बरही और पदमा में जनसंपर्क किया। बुधवार को उन्होंने कर्णपुरा कोयलांचल में यह सिलसिला जारी रखा। उन्होंने केरेडारी प्रखंड स्थित कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी मंदिर में माता रानी की पूजा की। उन्होंने कंडाबेर, पतरा खुर्द, गर्रीकला, केरेडारी बेल चौक, केरेडारी चौक, भदइखाफ और लयसुकुवार चौक में जनसंपर्क किया। सभी जगहों पर उनका स्वागत किया गया। इन इलाकों में महेंद्र साव, निखिल कुमार, महावीर साव, रामचंद्र कुमार, अशोक विश्वकर्मा आदि ने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा का समर्थन करने की घोषणा की। इन सभी का मनीष जायसवाल और जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने स्वागत किया। पिपरवार और बचरा क्षेत्र में मनीष जायसवाल ने भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने पिपरवार के कारो, बचरा और किचटो में भी जनसंपर्क अभियान चलाया और कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कारो शिवालय और बचरा स्थित बाबा सिद्धेश्वर धाम में पूजा भी की।

**भावुक हो गये मनीष जायसवाल:** मंदिर में युवा अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित उन्हें देख कर रोने लगे। इसे देख मनीष जायसवाल भी भावुक हो गये। उन्होंने अपने समर्थक को गले से लगा लिया और फिर चुप करा कर अपने साथ पूजा में शामिल कराया।

**ये लोग रहे उपस्थित**

मनीष जायसवाल के साथ बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, अनिल मिश्रा, जयनारायण प्रसाद, केपी ओझा, सुमन कुमार, टोनी जैन, अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, आशीष सोनी, दामोदर सिंह, सत्येंद्र सिंह, बालेश्वर कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बड़कागांव में फिर से टीपीसी ने दी दस्तक

**बालू माफियाओं के बीच मचा हड़कंप**

**बीती रात कोयलंग में संचालित बालू यार्ड चलाई गोली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तलसवार के पंचायत के कोयलंग (करमाटांड) में संचालित बालू यार्ड में बीती देर रात लगभग 10:30 बजे अज्ञात अपराधियों के द्वारा 3 राउंड गोली चलायी और जेसीबी और हाइवा चालक के साथ मार-पीट किया और गाड़ी में तोड-फोड कर टीपीसी के नाम के एक धमकी भरा पर्चा छोड़ गया। वहीं घटना के बाद बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर पर्चा जब्त कर लिया। उक्त पर्चा में एरिया प्रभारी प्रताप जी हस्ताक्षर है और लिखा गया है की तलशवार सहित बड़कागांव क्षेत्र में जो भी बालू यार्ड का काम करवा रहे है सभी को सूचित किया जाता है की टीपीसी संगठन से मैनेज करके चले अन्यथा मैनेज नहीं करने पर फौजी कार्रवाई किया जायेगा और इसका अंजाम भुगतने के लिए सभी तैयार रहें। इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार से पूछे जाने पर बताया कि गोली का कोई गोखा नहीं मिला है। एस घटना के बाद प्रखंड के बालू माफियाओं में हड़कंप मची हुई है।

दूसरी ओर सीओ बालेश्वर राम का कहना है कि बड़कागांव क्षेत्र में का जितने भी बालू घाट है। किसी में टेंडर नहीं हुआ है तो फिर बालू की बिक्री हाईवा और ट्रैक्टर से किया जाना संगीन अपराध है। बड़कागांव में कुल 9 बालू आर्ड का रजिस्ट्रेशन है और अभी बालू गिरिडीह और चतरा जिला से बालू घाट से उठा होना है। बालू माफियाओं ने सभी नियमों को तक पर रखकर रात के अंधेरे में हाईवा व ट्रैक्टर से बालू बेची जा रहे हैं। वही बुधवार दोपहर को सीओ बालेश्वर राम ने बड़कागांव चौक में बालू ट्रैक्टर को पकड़कर थाना ला ही रहे थे कि इसी क्रम में ट्रैक्टर ड्राइवर ने अचानक से बीच रोड में भाग निकला। जिससे बड़का गांव मुख्य चौक घंटों जाम में तब्दील हो गया। बकागांव थाना में मामला दर्ज करने का भी प्रक्रिया जारी है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

# लाभुकों को योजना से संबंधित स्वीकृति पत्र मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** सर्वजन पेंशन योजना, पोषण पखवाड़ा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम कोडरमा में हुआ। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारना है। आहर्ता रखने वाले योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करें। सर्वजन पेंशन योजना, पोषण पखवाड़ा और समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार कर लोगों को योजना का लाभ लें। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन सभी आवेदनों का निस्तारण करते हुए लोगों को योजना का लाभ दिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह और अन्य अतिथियों लाभुकों को द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही सेविका, सहायिका के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों का अन्नप्रासन और गर्भवती माताओं का गोदभराई कराया गया। साथ ही दिव्यांग लाभुकों के बीच ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर का वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा लाभुकों को सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय परिवार हितलाभ योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत समेत अन्य मौजूद रहे।

## हजारीबाग में हुई झामुमो की बैठक




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के हीराबाग चौक स्थित पार्टी कार्यालय में झामुमो की बैठक हुई। अध्यक्षता केंद्रीय सचिव सह मुख्य जिला संयोजक संजीव बेदिया और संचालन नीलकंठ महतो ने किया। बैठक में चार अप्रैल को हजारीबाग में झामुमो का स्थापना दिवस पूरे धूमधाम से मनाने का फैसला लिया गया। संजीव बेदिया ने उपस्थित सभी पार्टी के नेताओ और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की हर बार की तरह इस बार भी पूरे धूमधाम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाना है, इस लिए तैयारी को लेकर कार्यकर्ता कमर कस लें। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी को जिम्मेदारी उठानी है। बैठक में उपस्थित पार्टी के प्रखंड अध्यक्षों ने भी अपनी बात रही। कहा की इस बार शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी भारी संख्या में कार्यकर्ता जुटेंगे। उनके आने जाने और कार्यक्रम स्थल पर बैठने की व्यवस्था की भी चर्चा हुई। बैठक में बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, बिनोद विश्वकर्मा, मो इजहार, इचाक प्रखंड अध्यक्ष मनोहर राम, यासीन खान, आनंद मरांडी, सुलेंदर बांडू, सलीम अंसारी, उज्जवल कुमार सिंह, विनेश पासवान, देवानंद कुमार, सरफराज अहमद, भीम राणा, नाजिर अहमद, यासीन अंसारी, वीरेंद्र राणा, नंदू राम, नईम राही, बालकुमार महतो, लखीराम मांझी, दीपक राय, कमाल कुरैशी, निसार अहमद, गंगेश्वर मेहता, मंशा देवी, अब्दुल खान, सुरेंद्र बंडू, अमित कुमार, गंगेश्वर मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बच्चों को सिखायी गयी योग की तकनीक



**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू प्रखंड के लोयला विद्यायल चरही में अब नियमित योग का सत्र चलाया जायेगा। सप्ताह के एक दिन बुधवार को अब योग प्रशिक्षक के द्वारा अध्यनरत छात्र-छात्राओं को नियमित योग की तकनीक सिखलाया और बतलाया जायेगा। विद्यालय के निदेशक एमके वर्णवाल ने बताया की विद्यायल में योग प्रशिक्षक विजय कुमार दास के द्वारा विद्यायल में सप्ताह के हरेक बुधवार के अहले सुबह योग सत्र चलाया जायेगा। ताकि विद्यायल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित करवाया जा सके। वही अध्यनरत छात्र- छात्राओं को योग प्रशिक्षक विजय कुमार दास के द्वारा अनुलोम-विलोम, आसन, प्रणायाम, ध्यान सहित कई तरह के योग की विधि को बतलाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से लोयोला विद्यालय प्रबंधक निदेशक एमके वर्णवाल, प्रधानाध्यापक सुभाषित स्पाइन, शिक्षक नीतू कुमारी, टैरेसा गिल्बर्ट, द्वारिका सिंह, अभिमन्यु कुमार, श्वेता कुमारी, अलीशा खातून, प्रियंका कुमारी सहित कई स्कूली बच्चे आदि शामिल थे।

## इचाक मोड़ में अन्नपूर्णा देवी का स्वागत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा लोक सभा से एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद पहली बार इचाक मोड़ पहुंची। इचाक मोड़ पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता देकर और सॉल ओढ़कर स्वागत किया। स्वागत मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, भैया अभिमन्यु प्रसाद, हरीश श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, जीप सदस्य कुमकुम देवी, रेणु देवी, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, ओमप्रकाश मेहता, महेश साव, हरिहर मेहता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, जयनंदन मेहता, अनिल मेहता, रविशंकर उर्फ भोला, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, मुखिया नंदकिशोर मेहता, उमेश कुमार मेहता, शंकर सिंह, गोपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नो इंट्री उल्लंघन को रोकने सड़क पर उतरे सीओ

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी क्षेत्र में भारी वाहनों के परिचालन रोकने को लेकर केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल बुधवार को सड़क पर उतरे व केरेडारी मुख्य चौक से गुजरने वाले सभी हाइवा के कागजात की जांच किया। इस दौरान करीब दो दर्जन से अधिक चट्टी बारियातु कोल माइंस में चल रहे भारी वाहनो को केरेडारी के कृषि फर्म मैदान में रोक कर सभी कागजों का जांच किया है। इसके बाद घंटों बाद हिदायत कर छोड़ा व हिदायत देते हुए अंचलाधिकारी ने सभी वाहन मालिक और ड्राइवरों को केरेडारी प्रखंड मुख्यालय चौक होकर दिन में उक्त सड़क से ना गुजरने की बात कही है उन्होंने यह भी कहा कि अगर दिन में भारी वाहनों का परिचालन हुआ तो कार्रवाई की जायेगी। बता दे की बड़कागांव 14 माइल बाईपास रोड़ के पास बड़कागांव पुलिस 24 घंटा सड़क मार्ग की निगरानी रखते हैं लेकिन उन सभी की आंख में धूल झोक एनटीपीसी के बाईपास सड़क से चमगड़ा होते हुए केरेडारी मुख्य चौक होकर चट्टीबारियातु कोल माइंस पहुंचता जाते है। जबकि प्रतिबंधित क्षेत्र से भारी वाहनों का परिचालन के कारण हमेशा इस मार्ग पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## शफीक खान बने दारू थाना के नये प्रभारी



**दारु /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मोहम्मद शफीक खान को दारु थाना का नये प्रभारी बनाया गया है। प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी सह दारु थाना प्रभारी अपने दो माह का प्रशिक्षण अवधि पुरा हो गया। जिसके बाद बुधवार को उन्होंने थाना प्रभारी का विधिवत प्रभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर शांति कायम रखना उनका मुख्य उद्देश्य होगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। प्रखंड के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को बधाई देते हुए कहा की नये प्रभारी युवा और तेज तर्रार है उन्हे उम्मीद है की उनके कार्यकाल में क्षेत्र मे शांति कायम रहेगी और लगातार हो रही चोरी व अन्य घटना मे कमी आयेगी।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के घोड़सिमर मोड़ के समीप बासोडीह नवादा मुख्य मार्ग चेक पोस्ट के समीप बुधवार को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक को सतगावां पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी साह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने बताया कि दर्शन नाला इंटरस्टेट चेक पोस्ट घोड़सिमर मोड से एएसआई कृष्णा राम और शस्त्र बलों के द्वारा अवैध अंग्रेजी शराब ले जा रहे दो लोगो को पकड़ा गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सोनू कुमार पिता देवेंद्र कुमार, अमित कुमार पिता रामप्रकाश साह दोनों ग्राम रामपुर थाना चांदी जिला नालंदा के रूप में हुई।

## बाजार जाने वाले मुख्य पथ में जल जमाव से लोग परेशान



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड बस्ती अंतर्गत साप्ताहिक बाजार मुख्य मार्ग में जलभराव होने से लोगों का आने जाने में काफी मुश्किल हो गया है। इस तरह पानी निकासी न होने से आये दिन जब भी वर्षा होती है, गली में महीनो जलभराव हो जाता है। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन को इसकी शिकायत तो बार-बार दी जाती है, लेकिन अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण गलीवासियों के साथ बाजार जाने वाले ग्रामीणों के लिए यह परेशानी बढ़ गयी है। नंदकिशोर साहू, टुन्नू साहू, अनूप सोनी, किशोर साहू, प्रकाश प्रजापति आदि का कहना है कि उन्हें यह समस्या कि जब भी वर्षा होती है, वर्षा का पानी पूरे गली में जमा हो जाता है। कहीं से पानी निकलने का रास्ता नहीं है। इसकी शिकायत वहा के स्थानीय प्रशासन को भी कई बार दी जा चुकी है। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं जाने के चलते उन्हें यह परेशानी वर्षो से सहन करनी पड़ रही है। मुख्य मार्ग का निर्माण होने के बाद गली नीचे चली गयी है। जिस कारण गली का पानी बाहर न निकल कर गली में ही जमा हो जाता है। इसके अलावे बाजार जाने का मुख्य मार्ग होने के कारण हजारों ग्रामीणों का काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। वहां के ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## झारखंड नवनिर्माण दल और ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच का धरना आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला के तत्वाधान में शुक्रवार को विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के करोड़ों रुपए जमा पैसे की भुगतान की मांग को लेकर दिन के 11 बजे से उपायुक्त के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित की गई है। धरना कार्यक्रम के जरिए देश के प्रधानमंत्री गृह मंत्री व झारखंड के मुख्यमंत्री को खून पसीने की जमा राशि की भुगतान की मांग के लिए मांग-पत्र भेजी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह तथा ननबैंकिंग कंपनियों में जमाकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

## मिशन बदलाव ने पुलिस उपाधीक्षक से की नशापान के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सैयदा खातुन,नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और नगर सचिब ज्योति ग्लोइरिया कुजूर के नेतृत्व में रायगढ़ छत्तीसगढ़ निवासी अमर पाटेल द्वारा नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के लिए 28 राज्य 5 केंद्र शाषित प्रदेश भ्रमण कर लौटते समय उनका स्वागत किया। साथ ही संगठन के लिए उद्देश्यों को साझा किया और मिलकर अपनी साईकल यात्रा करने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि सभी स्कूलों में नशा मुक्ति पाठक्रम पढ़ाया जाय ताकि आज जो भारत के भविष्य बच्चे है वे नशा से दूर रहे। इसी विषय में मिशन बदलाव की महिला टीम व अमर पटेल के साथ गुमला पुलिस उपाधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक से मिलने वालों में महिला नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा, नगर सचिव ग्लोरिया कुजूर, व नंद किशोर मंत्री, अमर पटेल उपस्थित थे,अमर पटेल जी को धन्यवाद ने महिला टीम का आभार प्रगट किया और बताया कि हमलोग के द्वारा ये मुहिम को राज्य स्तर में पंहुचाने के लिये हरसम्भव मदद की जाएगी।

## पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कुलबुरु पंचायत के अंर्तगत गांव बेतेरकेरा मे पशुपालन विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर मे कुल 36 पशुपालकों के बीच नि:शुल्क दवा का वितरण किया।जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के गांव बेतेरकेरा मे पशु चिकित्सा प्रभारी के नेतृत्व पर दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।जिसमे बीएचओ डा. एक कुमार ने उपस्थित सभी पशुपालकों को सबसे पहले एफ एमडी टीकाकरण एवं अन्य योजनाओं के बारे मे विस्तृत रुप से जानकारी दी। इसके बाद कैंप मे कुल 36 पशुपालकों के बीच मवेशियों के लिये नि:शुल्क कृमिनाशक ,लिभर टॉनिक, ऐंटिबायॉटिक तथा घाव के लिये हिमेक्स क्रीम का वितरण किया गया। इसके अलावे अनपच का दवा भी दिया गया। इस दौरान पाराभेट मोनू देमता,राजू नायक,सामुएल डांग सहित स्थानीय ग्रामीण काफी संख्या मे मौजूद थे।

## आदिवासी नेता को जान से मारने की धमकी, थाना में आवेदन देकर लगायी सुरक्षा की गुहार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** आदिवासी नेता सह सरना प्राथना सभा जिला समिति के अध्यक्ष छोट्या उरांव को जान से मारने की धमकी दी गई है। इस धमकी के बाद छोट्या उरांव ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर जान माल की सुरछा की गुहार लगाते हुए धमकी देने वालो के ऊपर कार्रवाई की मांग की है।थाना को दिए गए आवेदन में छोट्या ने कहा है कि उनकी भैयादी जमीन पुग्गु पंचायत में है।मगर उक्त जमीन का बगैर बंटवारा किये हिस्सेदार व भू माफियाओं की मिलीभगत से खरीद बिक्री का प्रयास किया जा रहा है। जिसके विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इतना ही नही माफियाओं द्वारा उनकी रेकी भी की जा रही है। छोट्या ने थाना प्रभारी से कानूनी तरीके से जमीन की बिक्री रुकवाने, वास्तविक बंटवारा करने व जान माल की सुरछा प्रदान करते हुए उपरोक्त लोगो के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक शख्स चैनपुर थाना के आस-पास कमर में बंदूक खोंसकर घूम रहा है। जिसके बाद चैनपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। और युवक को पकड़ लिया। पकड़ाए अपराधी का नाम आकाश खेरवार(19 वर्ष) है। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से बंदूक बरामद किया गया। उसके पास से पिस्टल का कागज मांगा गया लेकिन युवक के पास कोई कागज नहीं होने के कारण उसको गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बताया कि वह अपने प्रेमिका से बातचीत करने वाले एक लड़का को डराने धमकाने एवं बातचीत बंद नहीं करने पर जान से मार देने की धमकी देने के लिए अपने पास अवैध लोडेड पिस्तौल लेकर घूम रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आकाश को जेल भेज दिया है। वहीं पिस्टल देने वाले साफरान अंसारी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापामारी कर रही है।

### सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों का सम्मान समारोह

# सर्वजन पेंशन योजना से वृद्ध लाभुक होंगे लाभान्वित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के निर्देश पर नगर भवन लोहरदगा में सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान, आंगनवाड़ी कार्यकताओं का सम्मान समारोह, विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम में पोषण अभियान अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन करने वाले आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को स्पेशल इंसेंटिव के रूप में सेविका हो 5000/- एवं सहायिका को 2500/- राशि प्रदान की गयी तथा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृधि योजना एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान की गयी। राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 02 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान की गयी, साथ ही गोदभराई एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम भी आयोजित किया गये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) एक महत्वपूर्ण योजना हैं जिसका आज प्रथम किस्त का भुगतान किया गया हैं। जिससे जिले के अनेक वृद्ध लाभुक लाभान्वित होंगे। पोषण के बारे में जन जन तक जागरूकता फैलाने हेतु लोगो को आह्वान किया क्यूंकि सही पोषण से ही सशक्त भारत का निर्माण होगा।

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि कुपोषण मुक्त जिला बनाने की लिए हमें जन जन तक लोगो को सही पोषण के लिए जागरूक करना होगा जिसमे सभी की भागीदारी होनी चाहिए ताकि हम अपने लोहरदगा जिले को कुपोषण मुक्त जिला बना सके। साथ ही उन्होंने आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में अधिक से अधिक लोगो को अपना मताधिकार का प्रयोग करना हैं।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, अनुमण्डल पदाधिकारी सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमित कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षका एवं जिला के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित शिव मंदिर के पास हुई सड़क दुर्घटना में जे एच 07 के 7071 बुलेट पर सवार एक युवक घायल हो गया। घटना के तद्पश्चात पत्रकारो के सहयोग से इलाज हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर एसआइ मनोज कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना की जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त बुलेट को जब्त कर सुरक्षित थाना में रखा गया। जानकारी के अनुसार गुमला से बुलेट पर सवार हो प्रदीप केरकेट्टा के पुत्र सुनील केरकेट्टा एवं एमानबेल बाड़ा चंदवा जा रहे थे। उसी दौरान अज्ञात ट्रक से टकराते हुए सड़क के किनारे जा गिरे जिससे एमानबेल बाड़ा को सिर पर गंभीर चोटें आयी है।

## गजराजों की धमक से दहशत में हैं ग्रामीण

**हाथियों ने चार घरों को किया क्षतिग्रस्त, फसलों को पहुचाया नुकसान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुडू / लोहरदगा।** लोहरदगा और लातेहार जिले के कुडू और चंदवा प्रखंड के सीमावर्ती जंगलवर्ती इलाके में पिछले लगभग एक सप्ताह से लगभग डेढ़ दर्जन गजराजों के झुंड के विचारण से ग्रामीणों में दहशत कायम है। इन जंगली हाथियों ने आए दिन फसलों को नुकसान पहुंचाने के अलावे मंगलवार की रात हेसला में ग्रामीणों के घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया । वहीं आधा दर्जन लोगों के खेतों में लगी गेहूं, टमाटर आदि फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया।मंगलवार की रात हेसला निवासी रीना देवी पति स्वर्गीय सिंधु मुंडा, दिलीप मुंडा पिता स्वर्गीय सुधु मुंडा, सकरु गंझू पिता मचाय गंझू, लालू गंझू पिता शिवधन गंझु के घर को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। और घर मे रखे अनाज को चट कर गए। वही गांव के उदेसर महतो, दिलीप मुंडा, एलू गंझु, निक्कू यादव के खेत मे लगे गेहूं, टमाटर की फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। एक दिन पहले ही जंगल लकड़ी लाने गए कुडू के जिंगी निवासी विनोद टाना भगत को हाथियों ने सुढ़ से पटककर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

**बाल-बाल बचे दो लोग :** सोमवार को अपराहन लगभग पांच बजे हेसलोंग निवासी मिथिलेश गंझु और एक अन्य युवक अपना घर जा रहे थे, अचानक जंगली हाथियों से सामना हो गया, हाथियों ने दोनो को कुछ दूर तक खदेड़ा, लेकिन दोनो भागकर अपनी जान बचा पाए। दोनो बाल बाल बच गए। बुधवार के दिन में हाथियों का झुंड कुडू से सटे रुद जंगल मे होने की सूचना है। हाथियों के भय से जंगलवर्ती गांव के लोग रतजगा करने को मजबूर है।

## भाजपा की सर्वे रिपोर्ट में ही उसके पिछड़ने की भविष्यवाणी : गुलाम अहमद मीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने दावा किया है कि भाजपा की एजेंसी ने अपने सर्वेक्षण में पार्टी के पिछड़ने की भविष्यवाणी की है। इस रिपोर्ट में भाजपा को पिछली बार की अपेक्षा 120 सीट कम प्राप्त होने की जानकारी दी गयी है। इस रिपोर्ट के बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को पसीना छूटने लगा है। कांग्रेस नेता बुधवार को यहां लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां पर भाजपा कमजोर है, वहां इवीएम से छेड़छाड़ की जाती रही है। उन्होंने इस चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं को इस पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में हम 10 हजार मतों से पीछे रह गये थे। इसकी भरपाई इस चुनाव में एक लाख की बढ़त से करनी है। उन्होंने दावेदारों से हर हाल में एकजुट होकर चुनाव लड़ने और कार्यकर्ताओं से आलाकमान द्वारा तय प्रत्याशी का हर हाल में समर्थन की गारंटी भी ली। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह सीट इस बार कांग्रेस की झोली में जाना चाहिए। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार ने 2023 के वित्तीय वर्ष तक बिजली बिल को माफ करने का फैसला लिया है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का मानदेय बढ़ाया गया है। बैठक को सुखदेव भगत, बॉबी भगत, सुखैर भगत, शिल्पी नेहा तिर्की, गीताश्री उरांव सहित कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। मौके पर कृष्ण कुमार लोहार, प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडेय, शहजाद खान, आदित्य भगत, दिलबहार अंसारी, विनीता कुमारी, अमृत भगत, पल्लव कुजूर, आजाद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## गुलाम मीर के गुमला आगमन पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के गुमला आगमन पर सर्किट हाउस में कांग्रेसियों ने मुलाकात की। बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि सौभाग्य कि बात है कि गुलाम गुमला आए है। इससे पार्टी में उत्साह का संचार हुआ है। कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा है। कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से चुनावी मूड में आ चुकी है। इस बार लोहरदगा लोकसभा से विजयी होना है। निश्चित गुलाम के मार्गदर्शन में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी और जीत दर्ज करेगी। इस दौरान गुलाम ने पार्टी कार्यकर्ताओ से समर्पण भावना से काम करने की इच्छा जतायी।

## अपने कुनबे को समेट कर चुनावी मैदान में उतरने की भाजपा ने की तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के सिर पर जीत का सेहरा पहनाने के लिए भाजपाइयों ने कमर कस ली है। इसके लिए गुरूवार को अपने चुनावी कार्यालय होटल साभेकर में भाजपा की जिला स्तरीय बैठक का अयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू ने बैठक की अध्यक्षता की। इसमें जिला कार्यसमिति, मंडल कमेटी, सातों मोर्चा के पदाधिकारी सभी कमिटी के कार्य समिति सदस्य उपस्थित अनिवार्य की गई थी। बैठक में मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा, सांसद सुदर्शन भगत,लोहरदगा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, डॉक्टर दिनेश उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव, रमेश उरांव, गुमला विधानसभा के चुनाव प्रभारी श्रीचंद प्रजापति, अशोक उरांव, पूर्व जिलाध्यक्ष, सविंदर सिंह, विजय मिश्रा, किरण बाड़ा उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने कहा चुनौती का शंखनाद हो गया है, जिला कमेटी सभी मोर्चा के कमिटी को तीन दिन के अंदर दुरुस्त करें। बुथ कमेटी सशक्तिकरण अभियान का टारगेट हो चुनाव में अंतिम लड़ाई बूथ पर होगी। शक्ति केंद्र की बैठक करें। जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी की गारंटी जनहित कार्य की गारंटी है। सर्वजन के हित के लिए मोदी सरकार ने काम किए हैं, संगठन का कार्य नारी शक्ति वंदन अभियान, गांव चौपाल का कार्यक्रम, युवा चौपाल, जाति संपर्क अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान का कार्यक्रम कार्यकर्ता पूरे आत्मविश्वास से अपने जिम्मेव्वारी क्षेत्र में करें। कोई बूथ कमजोर हो तो सूचना दें, टीम भावना से काम होगा विजय निश्चित मिलेगी। बैठक में सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव शिवशंकर उराब, पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने अपनी भावनाओं से लोगो को अवगत कराया।

## पेड़ से गिरकर स्कूली बच्चा हुआ जख्मी



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुर्की में संचालित सरकारी मध्य विद्यालय के पांचवी कक्षा के छात्र सुमित उरांव विद्यालय से निकल बेर खाने गया था। उसी दौरान सुमित उरांव पेड़ पर चढ़ कर बेर तोड़ रहा था। उसी क्रम में पैर फिसलने से नीचे गिर गया। जिससे माथा एवं बांया हाथ में गम्भीर चोटें आयी है। बताया जाता है कि कोयनर टोली निवासी बालेश्वर उरांव के पुत्र सुमित उरांव नित्यदिन की तरह बुधवार को भी स्कूल गया हुआ था। लेकिन विद्यालय में गार्डिंग के अभाव में बच्चे स्कूल से निकल घूमते रहते है। जिसका परिणाम है कि आज यह हादसा हुआ। परिजनों ने बताया कि घटना की सूचना ग्रामीणों से मिलने के बाद पुत्र सुमित उरांव को घायल अवस्था में सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम का लाइव प्रशारण देखा

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा भाजपा मंडल चंदवा के कामता पंचायत के पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक के आवास के पास आम बगीचा में महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी देवी के अध्यक्षता में एवं नारी शक्ति वंदन अभियान के मंडल संयोजक सह मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह के मार्गदर्शन में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण हुआ।जहां सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री सह नारी शक्ति वंदन अभियान सह संयोजक दीपक निषाद ने की। मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मंजू सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शशि देवी, सोसल मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहू, चंद्रभूषण केसरी, पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक समेत सैकड़ों महिला और पुरुष शामिल रहें।

## चुआं से पुलिस ने किया महिला का शव बरामद



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना अंतर्गत बंसरी गुरिया टोली बृंदा तलाब के समीप निकोदिन टोप्पो के खेत स्थित चूआ से सेन्हा थाना पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान बंसरी गुरिया टोली निवासी बुधराम उरांव की पत्नी मांगो उरांव के रूप में किया गया है। महिला के पति बुधराम उरांव ने पुलिस को बताया कि रविवार को घर से निकली थी। बगल के गांव में बेटी दामाद का घर है.वहा आना जाना करती थी हम लोग पता लगा रहें थे की कहा गयी है तभी बुधवार को दोपहर में खेत के पास चुआ खुदायी करने आये लोगों ने देखा की चूआ में एक महिला का शव है। जिसको देखने के बाद आस पास के ग्रामीण पहुंच कर मामले की जानकारी सेन्हा थाना पुलिस को दिया। सेन्हा थाना के एसआइ मनोज कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। वही एस आई मनोज कुमार ने कहा की महिला का शव बरामद हुआ है। आगे बताते हुए उन्होंने कहा प्रथमद्दष्टया महिला की मौत चुआं में डूबने से होना प्रतीत होता है।

## शहरी क्षेत्र में चलाया गया 'वोट करेगा लातेहार' अभियान

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव के तहत नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अंतर्गत विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में आज स्वीप के तहत शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम रहा वोट करेगा लातेहार। यह कार्यक्रम शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 अंबा कोठी एवं थाना चौक के पास आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में आम जनों को आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

## नगर प्रबंधक ने किया बाजारटांड़ का निरीक्षण



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** आठ मार्च को होने वाली महाशिवरात्रि पूजा और मेला को लेकर आज लातेहार नगर प्रशासक राजीव रंजन अचानक बाजारटांड पहुंच गए और जमीनी तैयारियां का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर प्रशासक ने कई स्थानों पर साफ सफाई का निर्देश अधिकारियों को दिया। साथ ही उन्होंने कई स्थानों पर लाईटिंग नहीं होने पर उस स्थान पर लाइटिंग की उचित व्यवस्था करने, गड्ढों को भरने का दिशा निर्देश कर्मियों को देते देखे गए। आगे श्री राजीव ने बताया कि पूजा को देखते हुए मेला क्षेत्र में छह सफाईकर्मी तैनात रहेंगे और भीड़ को देखते हुए दो टैंकर हमेशा मेला परिसर में मौजूद रहेगा। इस अवसर पर उनके साथ नगर पंचायत के नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, सहायक अभियंता रवि कुमार, कनीय अभियंता संदीप बेदिया, संजीव कुमार, संजीत गुप्ता, क्षेत्र प्रवेक्षक रंधीर कुमार राकेश दुबे उपस्थित थे।

## नंद कुमार राम ने 14 वें प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार संभाला



**बारियातु (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय में 14वें बीडीओ के रूप में अपना योगदान दिया। तत्कालीन बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर विधिवत प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार सीओ राम को सौंपा। योगदान के पश्चात न्यु वर्तमान बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने पत्रकारों को बताया कि मैं अंचलाधिकारी के रूप में कार्यरत था अब प्रखंड कार्यालय का भी भार मेरे उपर सौंपा गया है। उन्होंने प्रखंड का चारमुखि विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर विकास का कार्य करेंगे और मैडम का बचे अधुरे कार्य को पुर्ण करने के साथ साथ सभी प्रखंड कर्मियों,पंचायत प्रतिनिधियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रखंड में सभी संचालित योजनाओं को ससमय निपटारा करना एंव सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ पहुंचाना एवं अगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी पर मेरी प्राथमिकता के साथ साथ शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराना एवं अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने का मेरी प्राथमिकता रहेगी। मौके पर सीआई अनिल होरो, अंचल नाजिर कपीलदेव सिंह, पंचायत समिति सदस्य संतोष भगत, समाजसेवी नन्दु उरांव, मो मुमताज, ज्योति प्रसाद सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद रहे।

